RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

अरे शिक्षको आप से, कितना उनको प्यार।
भीषण गर्मी में करी, पानी की बौछार।
पानी की बौछार, चला सकते थे डंडा।
लेकिन डंडे बिना, कर दिया देखो ठंडा।
कह साहिल कविराय, शिक्षको छोड़ो अड़ना।
वर्ना पानी छोड़, पड़ेगा सबको फड़ना।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 129 | TUESDAY DATE 02-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### हरिद्वार में श्रद्धालुओं की बस पलटी, एक महिला की मौत, 38 घायल

**देहरादून, यूटर्न/ 01 जून ।** उत्तराखंड के हरिद्वार में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 38 अन्य लोग घायल हो गए। यह भीषण दुर्घटना सप्तऋषि चौकी के सामने स्थित श्रीराम पंजाबी ढाबे के पास हाईवे कट पर हुई, जब राजस्थान के नागौर जिले से पूर्णिमा स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

जानकारी के अनुसार, करीब 45 श्रद्धालुओं का यह समूह हरिद्वार में पूर्णिमा स्नान करने के बाद वापस राजस्थान लौट रहा था। उनकी तीन बसों में से एक बस घांची धर्मशाला से निकलकर सर्विस लेन के रास्ते हरिद्वार की ओर हाईवे पर मुड़ रही थी। तभी देहरादून से हरिद्वार की तरफ आ रहे डंपर ने बस के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस अपना संतुलन खो बैठी और पलट गई।

### सेना प्रमुख के नाम पर फर्जी वीडियो, पाकिस्तानी दुष्प्रचार का भंडाफोड़

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को लेकर पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा फैलाए जा रहे फर्जी वीडियो से देश में हड़कंप मच गया है। वीडियो में दावा किया गया था कि सेना प्रमुख ने भारत और तालिबान के बीच संबंधों या बातचीत को लेकर कोई बयान दिया है। हालांकि, प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक टीम ने तत्काल दावे को पूरी तरह झूठा और भ्रामक करार देकर पाकिस्तानी प्रोपेगेंडा का भंडाफोड़ किया है। पीआईबी फैक्ट चेक की गहन जांच में साफ हुआ कि जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। वहीं पीआईबी की जांच में सामने आया कि वायरल वीडियो को डिजिटल रूप से संपादित और छेड़छाड़ कर तैयार किया गया था, ताकि सेना प्रमुख के नाम पर गलत जानकारी फैलाई जा सके। वीडियो में मौजूद कथित बयान वास्तविक नहीं था और तकनीकी माध्यमों से जोड़कर प्रस्तुत किया गया था।

## पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ

**» कोलकाता, यूटर्न/ 01 जून ।**

पश्चिम बंगाल की शुभेन्दु अधिकारी सरकार ने सत्ता संभालने के एक महीने के भीतर सोमवार को अपना पहला बड़ा कैबिनेट विस्तार किया । इसमें 35 नये मंत्रियों को शामिल किया गया है और इसके साथ ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी समेत कुल मंत्रियों की संख्या 41 हो गयी है। इससे पहले मुख्यमंत्री के साथ पांच अन्य मंत्रियों ने शपथ ली थी। शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन में आयोजित किया गया था, जहां राज्यपाल आर. एन. रवि ने नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। आज शपथ लेने वालों में 13 कैबिनेट मंत्री, 19 राज्य मंत्री और तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल हैं। शपथ लेने वालों में श्री तापस रॉय (मानिकतला), श्री दीपक बर्मन (फालाकाटा), श्री जगन्नाथ चट्टोपाध्याय (सूरी), श्री शरद्वत मुखोपाध्याय (राजारहाट-न्यू टाउन), श्री स्वपन दासगुप्ता (रासबिहारी), श्री सजल घोष (बारानगर), श्री शंकर घोष (सिलीगुड़ी), श्री अर्जुन सिंह (नोआपारा), श्री अशोक डिंडा (मयना), श्री इंद्रनील खान (बेहाला पश्चिम), सुश्री मालती रावा रॉय (तूफानगंज) और श्री राजेश महतो (गोपीबल्लभपुर) के साथ कई अन्य विधायक शामिल हैं।




## म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए भारत तैयार : मोदी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**



भारत और म्यांमार ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ ही व्यापार, निवेश, संपर्क (कनेक्टिविटी), विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

सोमवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में हुई विस्तृत वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग 'इंग ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में भारत हर तरह की मदद को तैयार है। उन्होंने संघीय शासन व्यवस्था और आर्थिक विकास के अनुभव साझा करने की भी बात कही।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की बातचीत व्यापक रही और दोनों देशों ने शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार के लिए एक भरोसेमंद पड़ोसी और संकट के समय में पहला सहयोगी है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट', 'एक्ट ईस्ट' और 'महासागर' नीतियों के अनुरूप भारत हमेशा म्यांमार का सहयोग करता रहेगा। राष्ट्रपति यू मिन आंग 'इंग का सोमवार को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात का कार्यक्रम है।

## तृणमूल कांग्रेस को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत कर रहे हैं विरोधी : ममता बनर्जी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर विपक्ष और पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोगों के पार्टी छोड़ने से टीएमसी कमजोर नहीं होगी, बल्कि और अधिक मजबूत होकर उभरेगी। ममता बनर्जी ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को अराजक बताते हुए कहा कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि उनका वर्णन करने के लिए शब्द भी कम पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विधायकों और सांसदों को डराकर, धमकाकर या प्रलोभन देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन इससे पार्टी की ताकत और बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रचार किया जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व अपने कार्यकताओं के साथ खड़ा नहीं है, जबकि यह पूरी तरह भ्रामक और गलत जानकारी है।



## रेखा सरकार का किसान हितैषी बड़ा फैसला, फसल नुकसान पर मिलेगा 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** दिल्ली सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए फसल क्षति पर दी जाने वाली अनुग्रह सहायता राशि में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान भारी वर्षा और खेतों में जलभराव से प्रभावित किसानों को 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से अनुग्रह सहायता प्रदान करने को मंजूरी दे दी गई। यह निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से राजधानी के करीब 10 हजार किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, जिनकी फसलें पिछले वर्ष लगातार हुई भारी बारिश और प्राकृतिक नालों के उफान के कारण खेतों में हुए जलभराव से गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में कुल 10,977.44 एकड़ (लगभग 4,442.41 हेक्टेयर) कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ था। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्ष 2015 में तत्कालीन सरकार द्वारा वर्षा से फसल क्षति की स्थिति में किसानों को 20,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से अनुग्रह सहायता देने का प्रावधान किया गया था। यह राशि लगभग 49,421 रुपए प्रति हेक्टेयर है।

## दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीएक्यूएम प्रमुख से वायु गुणवत्ता संबंधी मुद्दों पर चर्चा की



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने सोमवार को दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन पर चर्चा की। लोक निवास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को जारी एक बयान में कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने आज लोक निवास दिल्ली में उपराज्यपाल दिल्ली तरनजीत एस. संधू से मुलाकात की। बयान में कहा गया कि उन्होंने वायु प्रदूषण को कम करने और दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए समन्वित प्रयासों को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की - जो जन स्वास्थ्य की सुरक्षा और राजधानी के लिए स्वच्छ, अधिक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक अत्यावश्यक प्राथमिकता है। बयान में कहा गया कि प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन, अंतर-एजेंसी समन्वय और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए दीर्घकालिक रणनीतियों पर जोर दिया गया।

## 'जेबकतरों से सावधान, आज वो सीबीएसई में बैठे हैं', रिजल्ट गड़बड़ी पर बोले राहुल गांधी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**



सीबीएसई की 12वीं कक्षा के नतीजों में कथित तौर पर गड़बड़ी को लेकर सियासत थम नहीं रही है। इसे लेकर कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार हमलावर हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि जब शिक्षा को सेवा नहीं, कारोबार बना दिया जाए तब गलती सुधारी नहीं जाती, बढ़ाई जाती है और इसकी सबसे बड़ी कीमत हमारे बच्चे चुका रहे हैं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'जेबकतरों से सावधान। आज वो सीबीएसई के अंदर बैठे हैं। सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आए तो आपको क्या मिलता है? एक बिल, जिसमें 100 रुपए प्रति विषय के हिसाब से डिजिटल स्कैन कॉपी, 100 रुपए प्रति पेपर के हिसाब से पुनर्गणना, 25 रुपए प्रति सवाल के हिसाब से पुनर्मूल्यांकन होती है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी ही उत्तर-पत्रिका की सही जांच के लिए एक बच्चे को 2000 तक भरने पड़ सकते हैं। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'सोचिए, जब 4 लाख बच्चों ने ऐसे आवेदन डालें हैं तो सीबीएसई कितनी कमाई कर रहा है। जब स्केनिंग फोन से हुई हो, गलत मार्किंग तय है और उसे ठीक करवाने की कीमत बच्चा भर रहा है। गलती सीबीएसई की, सजा बच्चे की और कमाई सरकार की।'

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा, 'जब शिक्षा को सेवा नहीं, कारोबार बना दिया जाए तब गलती सुधारी नहीं जाती, बढ़ाई जाती है। इसकी सबसे बड़ी कीमत हमारे बच्चे चुका रहे हैं, अपने समय से, अपने आत्मविश्वास से, और अपने भविष्य से।'

## मेरिट में बेटियों का दबदबा, बेटों को उनसे सीखने की जरूरत : योगी

**» लखनऊ, यूटर्न/ 01 जून ।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची इस बात का प्रमाण है कि छात्राएं मेहनत, अनुशासन और समर्पण के दम पर लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों की सफलता केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का भी आधार बनती है।

लोकभवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई के राज्य स्तरीय कुल 223 मेधावियों को एक-एक लाख रुपए, टैबलेट, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान 11 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने मेरिट सूची में छात्राओं की बढ़ती संख्या का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सम्मानित किए जा रहे 223 विद्यार्थियों में 138 छात्राएं और 85 छात्र हैं। हाईस्कूल की प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में 115 विद्यार्थियों में 81 छात्राएं और 34 छात्र शामिल हैं, जबकि इंटरमीडिएट की टॉप सूची में 14 छात्राएं और नौ छात्र हैं।

# भारत-म्यांमार संबंधों पर राष्ट्रपति मुर्मु का जोर, हाइंग से बोलीं- आपका देश अहम साझेदार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** पांच दिवसीय भारत दौरे पर भारत आए म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग हाइंग ने अपनी भारतीय समकक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में उनका स्वागत किया। इस दौरान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल से इसकी जानकारी दी गई। मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत और म्यांमार के बीच साझा बौद्ध विरासत और सदियों पुराने पीपल-टू-पीपल कनेक्ट दोनों देशों की मित्रता को विशेष गर्मजोशी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा, 'म्यांमार भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे भारत का दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए प्रवेश द्वार माना जाता है।'



राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों का उल्लेख किया। इससे पहले राष्ट्रपति 'इंग ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सहयोग और साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'एक्ट ईस्ट' नीति में म्यांमार की विशेष भूमिका है। दोनों देशों के बीच व्यापार, संपर्क, क्षमता निर्माण, सुरक्षा सहयोग और विकास परियोजनाओं के क्षेत्र में लगातार प्रगति हो रही है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में भारत हर तरह की मदद को तैयार है। उन्होंने संघीय शासन व्यवस्था और आर्थिक विकास के अनुभव साझा करने की भी बात कही। म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग 'इंग की यह भारत यात्रा दोनों देशों के संबंधों को नई गति देने के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। माना जा रहा है कि इस दौरे से द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# सीबीएसई के ओएसएम साइबर सुरक्षा विवाद पर कांग्रेस ने की शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली में साइबर सुरक्षा सेंधमारी को लेकर केंद्र सरकार पर अपना हमला तेज कर दिया है। पार्टी ने शिक्षा मंत्रालय से जवाबदेही तय करने की मांग की है और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सीबीएसई ने शुरूआत में अपने डिजिटल मूल्यांकन मंच में कमियों से इनकार किया था, लेकिन आखिरकार उसने स्वीकार कर लिया कि सिस्टम में सेंधमारी हुई थी। उन्होंने ठेकेदार कंपनी 'सीओईएमपीटी' की भूमिका पर भी सवाल उठाये और अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे इस कंपनी के खराब प्रदर्शन की चिंताओं के बावजूद उसे बचा रहे हैं।

श्री रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'हफ्तों तक अपने 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' प्रणाली में साइबर सुरक्षा कमियों से इनकार करने के बाद सीबीएसई ने आखिरकार स्वीकार कर लिया है कि सिस्टम में सेंधमारी हुई है। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि क्या इस सिस्टम को चलाने के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'लेकिन वह अपने ठेकेदार कंपनी 'सीओईएमपीटी' के खिलाफ क्या कार्रवाई करने की योजना बना रही है? लगता तो नहीं है। श्री रमेश ने आगे दावा किया कि अनुबंध दिये जाने से पहले टेंडर की शर्तों में किये गये बदलावों से साफ पता चलता है कि वेंडर को बचाने की कोशिश की गयी थी। उनके अनुसार, अगस्त 2025 में जारी सीबीएसई के 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल' (आरएफपी) में उन प्रावधानों को बरकरार रखा गया था, जो प्रभावी ढंग से काम न करने वाले वेंडर्स को ब्लैकलिस्ट करने का बोर्ड को अधिकार देते थे।

# उच्चतम न्यायालय में पांच नये न्यायाधीश नियुक्त

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**

सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में पांच नये न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी।

इनके शपथ ग्रहण करने के बाद शीर्ष न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी।

विधि एवं न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग की ओर से आज जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिटा सुब्रमणि मोहना और चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

इनमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली शामिल हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने पिछले महीने इन न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहना की इसनियुक्ति से उच्चतम न्यायालय में महिला न्यायाधीशों की संख्या दो हो जाएगी। वर्तमान में केवल न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ही महिला न्यायाधीश हैं। अगस्त 2021 के बाद से उच्चतम न्यायालय में किसी भी महिला न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं हुई थी। केन्द्र सरकार ने पिछले महीने ही एक अध्यादेश जारी कर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या में 34 से बढ़ाकर 38 की है।

# होटल के कमरे में चल रहा था सट्टे और जुए का अड्डा

## 20 गिरफ्तार; 1.62 लाख रुपए, वाहन और मोबाइल बरामद



» **नोएडा, यूटर्न/ 01 जून ।**

नोएडा के थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में पुलिस ने जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 62 हजार 250 रुपए की नकदी, 160 ताश के पत्ते, 7 दोपहिया वाहन, एक चार पहिया वाहन तथा 22 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

यह कार्रवाई सोमवार को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, थाना सेक्टर-49 की टीम को सूचना मिली थी कि सेक्टर-51 स्थित सनराइज होटल के एक कमरे में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और मौके से 20 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बुलंदशहर, मथुरा, झांसी, गोरखपुर, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, राजस्थान और हरियाणा के निवासी शामिल हैं।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे अपने-अपने वाहनों से होटल पहुंचे थे और किराये पर कमरा लेकर आपसी सहमति से नकदी दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को मौके से बड़ी मात्रा में नकदी और जुए में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद हुई। बरामदगी में 1,62,250 रुपये नकद, 160 ताश के पत्ते, 22 मोबाइल फोन, 7 मोटरसाइकिल तथा एक चार पहिया वाहन शामिल हैं।

पुलिस का मानना है कि मोबाइल फोन के माध्यम से भी सट्टेबाजी और संपर्क का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार कुछ आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इनमें सचिन गुप्ता के खिलाफ मारपीट और नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज है, जबकि मनोज कुमार के खिलाफ सड़क दुर्घटना से संबंधित मुकदमा दर्ज है।

वहीं, मोहम्मद शमीम और कपिल शर्मा के खिलाफ पहले भी सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई हो चुकी है। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि होटल प्रबंधन को इस गतिविधि की जानकारी थी या नहीं और क्या इस स्थान का इस्तेमाल पहले भी जुए के अड्डे के रूप में किया जाता रहा है।

# सीबीएसई विवाद में प्रधान इस्तीफा दें या उन्हें तत्काल पद से हटाएं मोदी : कांग्रेस

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**



कांग्रेस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली की खामियों को देश के शिक्षा इतिहास की सबसे बड़ी संस्थागत विफलता बताते हुए कहा है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इसके लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें पद से इस्तीफा देना चाहिए अन्यथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें तत्काल हटा देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के शासन में देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर हुई है। सीबीएसई, नीट, यूजीसी-नेट और सीयूईटी जैसे मामलों ने देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। श्री खेड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली लागू करने से पहले शिक्षकों और विशेषज्ञों की गंभीर चेतावनियों को नजरअंदाज किया। उनके अनुसार परीक्षण के दौरान दर्जनों तकनीकी कमियां सामने आई थीं, लेकिन इसके बावजूद प्रणाली को जल्दबाजी में लागू कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि हजारों छात्रों को धुंधली, अधूरी अथवा गलत तरीके से स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं मिलीं और बड़ी संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं को दोबारा स्कैन तथा मैनुअल मूल्यांकन के लिए भेजना पड़ा।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, लैपटॉप, मोबाइल और नकदी बरामद

» **नोएडा, यूटर्न/ 01 जून ।**

नोएडा के थाना सेक्टर-142 पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन तथा चोरी के सामान की बिक्री से प्राप्त 2,500 रुपए नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई स्थानीय खुफिया सूचना और गोपनीय जानकारी के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, 31 मई को थाना सेक्टर-142 पुलिस टीम ने एफएनजी सर्विस मार्ग पर मेट्रो लाइन के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुष्पेंद्र साहू उर्फ अतुल कुमार और अभय उर्फ अक्की के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।



पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

पुलिस के मुताबिक, 27 मई 2026 को दोनों ने ग्राम शाहदरा स्थित एक मकान से मोबाइल फोन चोरी किया था। इसके अलावा 12 मई 2026 को केशव आईटी पार्क के सामने खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा लैपटॉप और मोबाइल फोन चुरा लिया था। वहीं 21 अप्रैल को शांति निकेतन अपार्टमेंट के पास खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा लैपटॉप चोरी कर लिया गया था। इन सभी मामलों में थाना सेक्टर-142 में मुकदमे दर्ज किए गए थे और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित मकानों की पहले रेकी करते थे। इसके बाद खुली खिड़कियों वाले घरों को निशाना बनाते थे। साथ ही सुनसान स्थानों पर खड़ी कारों के शीशे तोड़कर उनमें रखे लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते थे। चोरी किए गए सामान को बाद में सस्ते दामों में बेचकर प्राप्त रकम आपस में बांट लेते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों में पुष्पेंद्र साहू उर्फ अतुल कुमार मूल रूप से मध्यप्रदेश के दमोह जिले का निवासी है, जबकि अभय उर्फ अक्की बुलंदशहर का रहने वाला है। दोनों वर्तमान में ग्राम शाहदरा, सेक्टर-142 क्षेत्र में रह रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दिल्ली में दहेज प्रताड़ना से परेशान 23 वर्षीय महिला की मौत, ससुराल वालों पर गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** राजधानी दिल्ली के जैतपुर इलाके से दहेज प्रताड़ना का एक दर्दनाक मामला सामने आया है। 23 वर्षीय रोशनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए लगातार परेशान कर रहे थे। मामले में दिल्ली पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतका के परिवार के अनुसार, रोशनी की शादी कुछ समय पहले हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। परिवार का आरोप है कि रोशनी का पति और ससुराल पक्ष समय-समय पर पैसों की मांग करते रहते थे। परिजनों ने बताया कि एक बार रोशनी के पति ने अपनी मां के कैंसर के इलाज का हवाला देकर पैसों की मांग की थी। बेटी की जिंदगी को ध्यान में रखते हुए रोशनी के पिता ने किसी तरह पैसे जुटाकर उन्हें दे दिए। हालांकि, इसके बावजूद प्रताड़ना का सिलसिला नहीं रुका।

परिवार का यह भी आरोप है कि कुछ समय बाद रोशनी को पता चला कि उसके पति का किसी दूसरी महिला के साथ संबंध है। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। स्थिति बिगड़ने पर रोशनी के रिश्तेदार उसे अपने साथ ले गए थे। कुछ दिनों बाद पति ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी और भविष्य में ऐसा व्यवहार न करने का भरोसा दिया। इसके बाद रोशनी को वापस ससुराल भेज दिया गया। लेकिन, परिवार का कहना है कि अगले ही दिन उन्हें सूचना मिली कि रोशनी अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली है।

# नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेदा एवं हस्पताल 'विश्व तंबाकू निषेध' दिवस पर जागरूकता रैली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 01 जून । शिक्षकों व छात्रों ने ली शपथ नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेदा एवं हस्पताल द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य तंबाकू के सेवन से स्वास्थ्य पर होने वाले जानलेवा दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना था ।

यह पूरा आयोजन कॉलेज के निदेशक श्री कृष्ण दुहन जी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल डॉ. त्रिभुवन पारीक की अध्यक्षता में हुई, जिसके बाद कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में छात्रों ने हाथों में तंबाकू विरोधी स्लोगन लिखे हुए बैनर लेकर आम जनता को जागरूक किया। कॉलेज परिसर में सभी शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक सामूहिक शपथ ली । इसके बाद कॉलेज में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आकर्षक कलाकृतियों व ब्रश के जादू से तंबाकू के नुकसान को दर्शाया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभालने में इवेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. हीना कौशिक और डॉ. अमनदीप की मुख्य भूमिका रही। छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का मूल्यांकन करने के लिए विशेष निर्णायक मंडल गठित किया गया था, जिसमें डॉ. सुनील दलाल, डॉ. परवेश कुमारी ओहल्याण और डॉ. विशाल शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने छात्रों की रचनात्मकता और उनकी सोच की सराहना करते हुए विजेताओं का चयन किया और उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. ज्योति, डॉ. रविंदर कौर शुक्ला, डॉ. अमन , डॉ. पवित्रा, डॉ. विधि सहित सभी अध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



## भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन

**हरियाणा, यूटर्न/ 01 जून ।** भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला बरवाला के प्रांगण में दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में परिषद के नवगठित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने दायित्व ग्रहण किए और परिषद के मूल मंत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव गंगवा जिला प्रभारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा, डबवाली उपस्थिति के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद हरियाणा पश्चिम के प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर परिषद बरवाला के चेयरमैन रमेश बैटरीवाला एवं बनभौरी धाम के मुख्य पुजारी श्यामलाल कौशिक उपस्थित रहे।



## भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन

**हरियाणा, यूटर्न/ 01 जून ।** भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला बरवाला के प्रांगण में दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में परिषद के नवगठित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने दायित्व ग्रहण किए और परिषद के मूल मंत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव गंगवा जिला प्रभारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा, डबवाली उपस्थिति के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद हरियाणा पश्चिम के प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर परिषद बरवाला के चेयरमैन रमेश बैटरीवाला एवं बनभौरी धाम के मुख्य पुजारी श्यामलाल कौशिक उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी पुरुषोत्तम तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्वनी श्योराण ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस समारोह में दूसरी बार बने शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा, शाखा सचिव राजेन्द्र भट्ट तथा शाखा कोषाध्यक्ष मनीष गोयल सहित सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक डॉ. सतीश वर्मा, प्रांतीय महासचिव रामनिवास वर्मा, प्रांतीय गतिविधि संयोजक हुकम चंद गोयल एवं जिला समन्वयक ऋषिराज बुड़ाकिया ने परिषद की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना करते हुए संगठन को समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परिषद परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया और संगठन की भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा कार्यों में परिषद के योगदान को रेखांकित किया।

# एयर मार्शल तरुण चौधरी को मिली वायुसेना की सेंट्रल एयर कमांड

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।



भारतीय वायुसेना में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन के तहत एयर मार्शल तरुण चौधरी ने 1 जून को सेंट्रल एयर कमांड (सीएसी) के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। बता दें कि एयर मार्शल तरुण चौधरी भारतीय वायुसेना के अनुभवी लड़ाकू पायलटों में गिने जाते हैं। उन्होंने एयर मार्शल बालाकृष्णन मणिकांतन का स्थान लिया। एयर मार्शल बालाकृष्णन मणिकांतन एक दिन पहले ही रविवार 31 मई को लगभग 40 वर्षों की विशिष्ट और समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।

एयर मार्शल तरुण चौधरी एक अनुभवी फाइटर पायलट हैं। उन्हें दिसंबर 1989 में भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन मिला था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर तथा नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। अपने लंबे और उल्लेखनीय सैन्य करियर के दौरान एयर मार्शल तरुण चौधरी ने कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल, स्टाफ और कूटनीतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। वह देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने स्वीडन स्थित भारतीय दूतावास में रक्षा अताशे के रूप में कार्य किया है। इस दौरान उन्हें नॉर्वे, फिनलैंड और डेनमार्क के लिए भी मान्यता प्राप्त थी। इसके अलावा उन्होंने मुख्यालय इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) और वायुसेना मुख्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यहां कार्य करते हुए उन्होंने परियोजनाओं, रक्षा खरीद और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित की। एयर मार्शल चौधरी को भारतीय वायुसेना में क्षमता निर्माण और आधुनिक तकनीकों के समावेशन से जुड़े कई परिवर्तनकारी कार्यक्रमों का नेतृत्व करने का श्रेय भी दिया जाता है। उन्होंने भविष्य की युद्धक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक परियोजनाओं को आगे बढ़ाया, जिससे वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती मिली।

सेंट्रल एयर कमांड की जिम्मेदारी संभालने से पहले वे दक्षिणी वायु कमान मुख्यालय में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। उनके व्यापक अनुभव और रणनीतिक दृष्टि को देखते हुए यह नियुक्ति भारतीय वायुसेना के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दरअसल, सेंट्रल एयर कमांड भारतीय वायुसेना की सबसे महत्वपूर्ण कमानों में से एक है, जिसके जिम्मे देश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वायु सुरक्षा, सामरिक तैयारियों तथा विभिन्न सैन्य अभियानों का समन्वय होता है।

## राशन कार्ड के लिए वार्षिक आय की सीमा बढ़ाना गरीब परिवारों के अधिकारों पर चोटः डॉ. नरेश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने नये राशन कार्ड के लिए वार्षिक आय सीमा बढ़ाये जाने को लेकर प्रदेश सरकार की आलोचना की है और इसे गरीब परिवारों के अधिकारों पर चोट बताया है।

डॉ. नरेश ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि राशन योजना मूल रूप से गरीब और कमजोर वर्गों के लिए बनाई गई थी, लेकिन सरकार ने आय सीमा में भारी बढ़ोतरी कर इसके दायरे को इतना व्यापक कर दिया है कि वास्तविक गरीबों के अधिकार प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने नये राशन कार्डों के लिए वार्षिक आय सीमा एक लाख 20 हजार रुपये से बढ़ाकर दो लाख 50 हजार रुपये कर दिये हैं। इससे राशन कार्ड योजना का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा और गरीब परिवारों के अधिकारों पर चोट पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि जब संसाधन सीमित हों, तो सरकार की पहली जिम्मेदारी सबसे जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता देने की होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सालाना 2.50 लाख रुपये तक आय वाले परिवारों को भी उसी श्रेणी में शामिल किया जाएगा, तो अत्यंत गरीब परिवारों को प्राथमिकता कैसे मिलेगी? सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इस फैसले से पात्र परिवारों की संख्या कितनी बढ़ेगी और इसका असर वर्तमान लाभार्थियों पर क्या पड़ेगा?

# निशुल्क मेडिकल कैंप में 262 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवाईया दी

» निर्मल सिंह विर्क

**पानीपत, यूटर्न/ 01 जून ।** गांव बापौली स्थित कमला सदन में रेनबो हॉस्पिट के द्वारा बापौली के वरिष्ट समाजसेवी विनोद रावल उर्फ बिट्टू के सहयोग से हड्डियों का नि:शुल्क मेडिकल कैंप में 262 हड्डियों के मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दवाईया दी गई। जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने चिकित्सा का लाभ लिया । इस दौरान कैंप में सहयोग कर्ता वरिष्ट समाजसेवी विनोद रावल उर्फ बिट्टू ने कहा कि बिगडती जीवनशैली और अस्वास्थ्यिकर खान-पान के कारण अनेक बिमारियों मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा हैं। समय रहते इससे बचाव को लेकर इस तरह के कैंपों में स्वास्थ्य जांच कराएं ताकि बिमारियों से बचाव व भविष्य में आने वाली बिमारियों से समय रहते सुरक्षित रह सकें। और रावल ने कहा कि हम सभी में ऐसे समाजसेवी कार्यों में निस्वार्थ भाव से आगे आना चाहिएं। इस अवसर पर डा अरुण गुलाटी हड्डी रोग विशेषज्ञ ने कहा कि शिविर में 262 से अधिक मरीजों की विभिन्न बीमारियों की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक उपचार, सुझाव एवं स्वास्थ्य संबंधी



जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर समाजसेवी विनोद रावल, कल्याण रावल, राजबीर रावल, मनोज, संजय, प्रीतम, जयकुमार, दीपक अनिल, रामकुमार आदि अनेक मौजूद रहे।

# नाबालिग से गलत काम करने का आरोपी डॉ. सलिन्द्र शैली चंद घंटो में गिरफ्तार

» प्रमोद कौशिक/ संजीव कुमारी



थानेसर, यूटर्न/ 01 जून । कुरुक्षेत्र पुलिस ने नाबालिग से गलत काम करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग- दर्शन में थाना केयूके पुलिस की टीम ने नाबालिग युवती से गलत काम करने के आरोपी के आरोपी डॉ. सलिन्द्र शैली दुःखभंजन कालोनी वासी कुरुक्षेत्र को चंद घंटो में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 31 मई 26 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में जिला कुरुक्षेत्र वासी एक व्यक्ति बताया कि दिनांक 29 मई को वह तथा उसकी नाबालिग लड़की दवाई लेने एलएनजेपी हस्पताल आये थे। उसे व उसकी उसकी नाबालिग लड़की को डॉक्टर ने अलग- अलग वार्डों में दाखिल किया था। दिनांक 31 मई को जब वह अपनी लड़की से मिलने उसके वार्ड में गया तो उसकी लडकी ने बताया कि दिनांक 29 मई को आरोपी डॉक्टर शैली ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा उसके साथ गलत काम किया। जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच की गई। तफ्तीश के दौरान पीड़ित लड़की के बयान माननीय अदालत में दर्ज करवाए गए तथ मेडिकल परिक्षण करवाया गया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

### गाजियाबाद में दुष्कर्म के आरोपी का एनकाउंटर

## 13 वर्षीय लड़की से सिराज ने की दरिंदगी गर्भवती हो गई थी पीड़िता

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।**




लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में 13 साल की किशोरी के साथ पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म के दौरान किशोरी गर्भवती हो गई थी। पुलिस ने घटना करने वाले आरोपी को बॉर्डर थाना क्षेत्र से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। कब्जे से तमंचा, स्कूटी और कारतूस बरामद हुए हैं।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बॉर्डर थाना क्षेत्र के कॉलोनी में 13 साल की किशोरी के साथ पड़ोसी ने दुष्कर्म किया था। मामले की शिकायत परिजनों ने पुलिस से की थी। किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी पड़ोसी करीब तीन माह से उनके साथ दुष्कर्म कर रहा था। पेट में दर्द होने के बाद परिजनों ने उन्हें डॉक्टर को दिखाया तो घटना का पता चला।

इस घटना में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर परिवार के घर पहुंचे थे और कार्रवाई का आश्वासन दिया था। एसीपी ने बताया कि पुलिस की टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। टीम सेवा धाम इलाके में चेकिंग कर रही थी। सभी स्कूटी से संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया।

पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने फायरिंग कर दी। पुलिस में मुठभेड़ के बाद स्कूटी सवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सिराज बताया है। सिराज ने पड़ोसी किशोरी के साथ दुष्कर्म की बात कबूली है।

# आईटीओ के पास एक इमारत में लगी आग, दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**

दिल्ली के आईटीओ इलाके में सोमवार सुबह 'योजना और वास्तुकला विद्यालय' की इमारत में आग लगी। इस घटना से हड़कंप मच गया। फिलहाल, दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। जानकारी के अनुसार, आईटीओ स्थित 'योजना और वास्तुकला विद्यालय' इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगी है। आग लगते ही बिल्डिंग के अंदर मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद आनन-फानन में दमकल विभाग की सूचना दी गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा को इस घटना की जानकारी सुबह 9:37 बजे मिली। इस पर तुरंत कदम उठाते हुए मौके पर करीब 8 गाड़ियों को भेजा गया।

शुरुआती जांच में पता चला है कि इस इमारत की दूसरी मंजिल से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया, जो अभी भी निकल रहा है। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। वहीं, आग कैसे लगी, इसकी वजह अभी सामने नहीं आई है।



इससे पहले, दक्षिण दिल्ली में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास चार-मंजिल इमारत गिरने की घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बयान में कहा कि 30 मई को शाम 7:35 बजे, सैदुलाजब गांव में एक इमारत गिरने की सूचना महरौली पुलिस स्टेशन के बीट स्टाफ को मिली, जो उस समय नियमित गश्त पर थे। उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और अतिरिक्त मदद (बैकअप) भी बुलाई। इसके बाद, पुलिस स्टेशन में शाम 7:38 बजे पहली पीसीआर कॉल दर्ज की गई।

बयान में कहा गया, 'साकेत पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और शुरुआत में मलबे से छह लोगों को बचाया। सभी राहत एजेंसियों को एक साथ अलर्ट कर दिया गया था।'

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) और दिल्ली अग्निशमन सेवा के साथ समन्वय स्थापित करते हुए 9 और लोगों को बचाया गया और बाद में उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

दिल्ली पुलिस के बयान में आगे कहा गया, 'दुख की बात है कि छह लोगों की जान चली गई है, जबकि सात लोग अभी भी इलाज करा रहे हैं। इनमें से दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।'

# दिल्ली में वाहन चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, 10 वाहन जब्त

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**

उत्तर-पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने वाहन चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के दस वाहन बरामद किए हैं। आरोपी एक आदतन अपराधी बताया जा रहा है और पहले भी लूट, वाहन चोरी, चोरी और चोरी का माल रखने से जुड़े 17 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है।



31 मई को दिल्ली के अशोक नगर इलाके में निवारक जांच और निगरानी के दौरान एएटीएस की टीम को एक वाहन चोर की गतिविधियों के बारे में विशेष सूचना मिली। सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने बाइक सवार एक व्यक्ति को रोका। जब उससे वाहन के दस्तावेज मांगे गए, तो वह उन्हें दिखाने में असमर्थ रहा। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह मोटरसाइकिल जाफराबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में चोरी की गई थी।

इसके बाद आरोपी को ज्योति नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान मोहित उर्फ मंगल (24) निवासी अशोक नगर दिल्ली के रूप में हुई है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने वाहन चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से नौ और चोरी के वाहन बरामद किए। ये वाहन दिल्ली के अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज ई-एफआईआर मामलों से जुड़े पाए गए।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी मोहित उर्फ मंगल एक आदतन अपराधी है और पहले भी लूट, वाहन चोरी, चोरी और चोरी का माल रखने जैसे मामलों में शामिल रह चुका है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चोरी के वाहनों की सप्लाई और नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक खड़ी करने को लेकर हुई मारपीट, दो भाई घायल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।** बाइक खड़ी करने को लेकर हुई कहासुनी में दो भाइयों को पीटकर घायल करने का मामला सामने आया है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना मरकज मस्जिद वाली गली की है। हारून ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई आरिफ का नाजिम, शहजाद, रहीसुद्दीन और अब्दुल व तीन अज्ञात व्यक्तियों ने बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। मामले को शांत कराने के लिए उनके छोटे भाई आसिफ पहुंचे तो उक्त व्यक्तियों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी। सिर पर ईंट से हमला किए जाने से आसिफ बेहोश होकर गिर पड़ा। उसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय की दूसरी मंजिल पर आग लगने से मचा हड़कंप, दमकल विभाग की टीम मौके पर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित शिक्षा मंत्रालय के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर कार्यालय में आग लगने की एक बड़ी घटना सामने आई है। विकास मार्ग पर स्थित इमारत की दूसरी मंजिल पर अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जिससे हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को तुरंत सूचित किया गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। आग की भीषणता को देखते हुए दिल्ली फायर सर्विस की कई गाड़ियां तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गईं। अग्निशमनकर्मी आग पर काबू पाने और किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, 'विकास मार्ग स्थित शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय की दूसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली है। अग्निशमन गाड़ियां तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गई हैं।'

## अमर कॉलोनी गोलीबारी मामले में क्राइम ब्रांच ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**



दिल्ली की अमर कॉलोनी में 26 मई को हुए फायरिंग मामले में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने पहले एक नाबालिग लड़के को पकड़ा था। अब इनसे पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दरअसल, 26 मई की शाम करीब 7:54 बजे अमर कॉलोनी इलाके में फायरिंग की वारदात हुई थी, जहां 17 साल का नाबालिग एक फूड स्टॉल पर दोस्तों के साथ खाना खा रहा था। इसी दौरान कुछ युवक वहां से गुजर रहे थे और एक युवक का हाथ कुर्सी से टकरा गया। इसी बात पर मामूली कहासुनी हुई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पहले वहां से चले गए, लेकिन 4-5 मिनट बाद वापस लौटे और तभी एक युवक ने नाबालिग पर गोली चला दी। इस मामले में दो आरोपी अभी भी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार, दो आरोपी गढ़ी गांव के रहने वाले थे। वारदात के वक्त वो ब्रेजा कार में मौजूद थे। इनमें एक के पिता जिम चलाते हैं, दूसरे के पिता का नशा मुक्ति केंद्र है। जिस युवक के पिता जिम चलाते हैं, पिस्टल उसी की थी। घटना के बाद भाग रहे आरोपियों में सबसे आगे तुगलकाबाद का रहने वाला युवक था। वो एक राजनीतिक परिवार से जुड़ा हुआ है।

बता दें कि दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके में एक रेस्टोरेंट में 17 साल के छात्र को गोली मारी गई थी। गोली लगने से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, हिरासत में लिया गया आरोपी नाबालिग है और माना जा रहा है कि वह इस मामले में मुख्य शूटर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित, जिसकी पहचान साहिल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीमें स्टेशन हाउस ऑफिसर और असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस के साथ तुरंत मौके पर पहुंच गईं। हालांकि, जब तक पुलिस वहां पहुंची, तब तक घायल छात्र को स्थानीय लोग और उसके दोस्त अस्पताल पहुंचा चुके थे। अधिकारियों ने बताया कि साहिल को शुरू में मूलचंद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार, सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**

दिल्ली के वेलकम पुलिस स्टेशन की टीम ने एक आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है और इस दौरान एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल भी बरामद की गई है। यह पूरी कार्रवाई एक हत्या के मामले की जांच के दौरान हुई है। वेलकम पुलिस स्टेशन में पहले दर्ज एफआईआर के तहत धारा 103(1), 109(1), 61(2)(ए), 3(5) बीएनएस और 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला चल रहा था। यह मामला 23 जनवरी को किंग्स कैफे में हुई एक हत्या से जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान पुलिस को रुहैल उर्फ साहिल नाम के 25 वर्षीय युवक की संलिप्तता का पता चला। वह हबीब का बेटा है और जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली में रहता है। पुलिस ने आरोपी रुहैल उर्फ साहिल को हिरासत में लेकर रिमांड पर पूछताछ की। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसने पचास हजार रुपए में एक पिस्टल किसी को बेची थी। आरोपी की इस जानकारी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। इंस्पेक्टर रूपेश कुमार खत्री, जो कि वेलकम पुलिस स्टेशन के एसएचओ हैं, के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। इस टीम ने छापा मारकर मनन खान नाम के 25 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। मनन खान नाजिम अली का बेटा है और डीडीए कॉलोनी, न्यू जाफराबाद, दिल्ली में रहता है। गिरफ्तारी के बाद मनन खान की निशानदेही पर पुलिस को एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल मिली।

इस हथियार की बरामदगी से मामले की जांच और मजबूत हो गई है। पुलिस ने इस नई घटना को लेकर वेलकम पुलिस स्टेशन में अलग से एफआईआर दर्ज कर ली है। इस नए मामले में भी 25/27 आर्म्स एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस अब इस पूरे मामले की आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पिस्टल कहां से आई, इसका इस्तेमाल कहां-कहां हुआ और अन्य कौन-कौन लोग इससे जुड़े हो सकते हैं।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली में अवैध हथियारों की तस्करी और उनके इस्तेमाल को रोकने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। हत्या जैसे गंभीर अपराधों में हथियारों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है, इसलिए पुलिस हर छोटी जानकारी पर तुरंत एक्शन लेती है। आरोपी रुहैल उर्फ साहिल और मनन खान दोनों ही अब पुलिस हिरासत में हैं। अदालत में उन्हें पेश किया जाएगा और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## हाईटेक प्रिंटरों से छाप रहे थे जाली नोट, एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।** राजस्थान की दौसा कोतवाली थाना पुलिस ने जाली नोट छापने और उनकी तस्करी करने के आरोप में संतोष नाम के युवक को दबोचा है। रविवार दोपहर फरीदाबाद के बसंतपुर इलाके में पुलिस ने दबिश देकर कार से तीन प्रिंटर और जाली नोट बरामद किए हैं। कार सवार संतोष अलीगढ़ के तारापुर गांव का रहने वाला है। दौसा पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़ा है। पुलिस संतोष को राजस्थान ले जाकर पता लगाने की कोशिश करेगी कि अब तक बाजार में कितने लाख के जाली नोट खपा चुका है।




## कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी, दिल्ली में 42 रुपए महंगा हुआ सिलेंडर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**

कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। सोमवार से लागू हुई नई कीमतों के मुताबिक, दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 42 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में अब 3,113.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। वहीं, कोलकाता में और भी ज्यादा बढ़ोतरी की गई है। कोलकाता में 53.50 रुपये का इजाफा हुआ है। जिससे कीमत बढ़कर 3,255.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। ईंधन और ट्रांसपोर्टेशन के बढ़े खर्चों की वजह से कीमतों में इजाफा किया गया है। तेल मार्केटिंग कंपनियों ने 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की कीमत में भी 11 रुपये की बढ़ोतरी की है। दिल्ली में, 5 किलो वाले एफटीएल सिलेंडर की कीमत अब 821.50 रुपये होगी। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली है। जनवरी में, दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,691.50 रुपये थी। हर महीने होने वाले कई बदलावों के बाद, अब कीमत बढ़कर 3,113.50 रुपये हो गई है। पांच महीनों के अंदर 1,400 रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी हो गई है।

भारत-ओमान सीईपीए से दोनों देशों के आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

# निर्यात और निवेश को मिलेगा बढ़ावा : पीयूष गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**



भारत और ओमान के बीच हुआ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट-सीईपीए) सोमवार से आधिकारिक रूप से लागू हो गया है। इस महत्वपूर्ण व्यापार समझौते के लागू होने के साथ ही दोनों देशों के आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसे भारत और ओमान के बीच सदियों पुराने भरोसे, मित्रता और साझेदारी का नया अध्याय बताया। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और ओमान का संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत साझेदारी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को अरब सागर जोड़ता है और 5,000 वर्षों से दोनों देशों के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब आधुनिक व्यापारिक व्यवस्थाएं और शुल्क प्रणाली अस्तित्व में नहीं थीं, तब भी गुजरात के व्यापारी मस्कट तक भारतीय वस्तुएं पहुंचाते थे।

उन्होंने कहा कि सीईपीए केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच विश्वास, मित्रता और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओमान यात्रा के दौरान दोनों देशों के रिश्तों को नई मजबूती मिली। इस दौरान ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने प्रधानमंत्री मोदी को ओमान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान, फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया था। गोयल ने कहा कि यह सम्मान केवल प्रधानमंत्री मोदी का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

उन्होंने ओमान के लोगों और वहां की सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीढ़ियों से ओमान ने भारतीय समुदाय का अपने परिवार के सदस्य की तरह स्वागत किया है। वर्तमान में लगभग 7 लाख भारतीय मूल के लोग ओमान में रह रहे हैं और वहां की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया के 32 देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया जाना उनके वैश्विक नेतृत्व और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों से लेकर ग्लोबल साउथ तक प्रधानमंत्री मोदी संवाद, कूटनीति और शांति के समर्थक नेता के रूप में सम्मानित किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सीईपीए लागू होने के पहले ही दिन से भारत को ओमान की 98 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुंच मिल जाएगी, जिससे भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह समझौता भारतीय उत्पादों को ओमान के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विरोध के बावजूद सिजिमाली बॉक्साइट सड़क को केंद्र की हरी झंडी

अब खदान तक पहुंचेगी 3.4 किमी लंबी सड़क

**नई दिल्ली , यूटर्न/ 01 जून ।** केंद्र सरकार ने ओडिशा के रायगड़ा जिले में सिजिमाली बॉक्साइट खनन परियोजना तक पहुंचने वाली विवादित सड़क के लिए अंतिम वन मंजूरी दे दी है। यह निर्णय हाल ही में पुलिस और स्थानीय प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों के कुछ ही हफ्तों बाद आया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 4.911 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्जन को चरण-2 (अंतिम) में स्वीकृति प्रदान की है। यह 3.4 किलोमीटर लंबी सड़क वेदांत समूह की सिजिमाली बॉक्साइट खदान को राज्य राजमार्ग-44 से जोड़ेगी, जो बॉक्साइट परिवहन हेतु महत्वपूर्ण है। 7 अप्रैल को रायगड़ा में इस सड़क को लेकर पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं, जिसमें लगभग 70 लोग घायल हुए थे। आदिवासी समूह खनन गतिविधियों का विरोध कर रहे हैं, उनका आरोप है कि इससे उनकी पारंपरिक आजीविका को खतरा है और पर्याप्त परामर्श नहीं किया गया।

### 60,000 करोड़ की पीएम-सेतु योजना में आंध्र प्रदेश ने मारी बाजी

विशाखापत्तनम आईटीआई क्लस्टर के लिए आर्सेलर मित्तल-नैमटेक का निवेश प्लान मंजूर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन (पीएम-सेतु) योजना को पहली बड़ी सफलता मिली है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम आईटीआई क्लस्टर की रणनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) को राष्ट्रीय संचालन समिति (एनएससी) ने मंजूरी दी है। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएमएनएस इंडिया) और इसके शैक्षणिक साझेदार नैमटेक द्वारा प्रस्तुत यह योजना, 60,000 करोड़ रुपये की पीएम-सेतु के तहत पहली स्वीकृत एसआईपी है। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश इस योजना में उद्योग के साथ साझेदारी करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह महत्वपूर्ण मंजूरी नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की सचिव देवश्री मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक में दी गई। पीएम-सेतु का लक्ष्य सरकारी आईटीआई को उद्योग-प्रबंधित और परिणाम-आधारित संस्थानों में बदलना है।

# कपास आयात शुल्क में छूट से तिरुप्पुर के निटवियर उद्योग को राहत, निर्यातकों ने किया स्वागत

» **कोयंबटूर, यूटर्न/ 01 जून ।**

तिरुप्पुर के निटवियर (होजरी) और कपड़ा उद्योग ने केंद्र सरकार के कपास आयात पर सीमा शुल्क (कस्टम ड्यूटी) को अस्थायी रूप से हटाने के फैसले का स्वागत किया है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि यह समय पर उठाया गया कदम है, जिससे उत्पादन लागत कम होगी, कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ेगी और भारत के कपड़ा व परिधान निर्यात की वैश्विक प्रतिस्पर्धा मजबूत होगी।

केंद्र सरकार ने 1 जून से 30 अक्टूबर तक कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्क से



अस्थायी छूट देने की घोषणा की है। यह फैसला बढ़ती कपास कीमतों और कपड़ा उद्योग के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

उद्योग जगत के नेताओं का कहना है कि इससे निर्माताओं, निर्यातकों और स्पिनिंग मिलों को बड़ी राहत मिलेगी, जो पिछले कई महीनों से कच्चे माल की बढ़ती लागत से परेशान थे।

अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि ड्यूटी हटाने से भारतीय कपड़ा और परिधान उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता में काफी सुधार होगा।

उन्होंने कहा, ''कपास आयात पर सीमा शुल्क हटाना समय की जरूरत है। इससे घरेलू बाजार में कपास की कीमतों को नियंत्रित करने, अच्छी गुणवत्ता वाली कपास की उपलब्धता बढ़ाने और पूरे कपड़ा उद्योग में उत्पादन लागत कम करने में मदद मिलेगी।''

शक्तिवेल ने कहा कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय कपड़ा और परिधान निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा, खासकर ऐसे समय में जब भारतीय निर्यातकों को कई अन्य कपड़ा उत्पादक देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले से विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्योगों (एसएमई) को लाभ होगा, जो कपास और धागे की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण दबाव में थे।

यूपीआई, एटीएम से लेकर टैक्स तक

## 1 जून से लागू हो रहे कई बड़े वित्तीय नियम जेब पर पड़ सकता है सीधा असर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**

नया महीना शुरू होने के साथ ही 1 जून से आम लोगों की रोजमर्रा की वित्तीय गतिविधियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इनमें यूपीआई भुगतान प्रणाली की सुरक्षा बढ़ाने, एटीएम निकासी नियमों में बदलाव, पैन कार्ड से जुड़े प्रावधानों में संशोधन और अग्रिम कर (एडवांस टैक्स) भुगतान की समयसीमा जैसी अहम बातें शामिल हैं। इन बदलावों का उद्देश्य डिजिटल लेनदेन को अधिक सुरक्षित बनाना और वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाना है।

नए नियमों के तहत 2026 में यूपीआई भुगतान प्रणाली को और सुरक्षित बनाया जाएगा। अब केवल 4 या 6 अंकों के यूपीआई पिन के आधार पर बड़े लेनदेन नहीं किए जा सकेंगे। गूगल पे, फोनपे और पेटीएम जैसे ऐप्स पर उच्च मूल्य के ट्रांजैक्शन के लिए अतिरिक्त सत्यापन की जरूरत पड़ सकती है। इसमें फिंगरप्रिंट, फेस



रिकग्निशन या डिवाइस आधारित दो-स्तरीय प्रमाणीकरण (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) शामिल हो सकता है। इसका मकसद ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों को कम करना है। करदाताओं के लिए 15 जून एक महत्वपूर्ण तारीख होगी। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर (एडवांस टैक्स) की पहली किस्त इसी दिन तक जमा करनी होगी। जिन लोगों की कुल टैक्स देनदारी 10,000 रुपए से अधिक है, उन्हें 15 जून तक अपने अनुमानित टैक्स का 15 प्रतिशत भुगतान करना होगा। निर्धारित समयसीमा चूकने पर प्रति माह 1 प्रतिशत ब्याज का जुर्माना लग सकता है।

# मई में जीएसटी कलेक्शन करीब 2 लाख करोड़ का पहुंचा, पश्चिम एशिया तनाव के बावजूद राजस्व में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।**

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद मई में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सालाना आधार पर 3.2 प्रतिशत बढ़कर करीब 2 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

आंकड़ों के मुताबिक, मई में कुल सकल जीएसटी राजस्व (ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू) 1,94,184 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 1,88,172 करोड़ रुपए था। वहीं, कुल शुद्ध जीएसटी राजस्व (कुल नेट जीएसटी रेवेन्यू) बढ़कर 1,66,904 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.3 प्रतिशत अधिक है।

महीने के दौरान कुल रिफंड 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रुपए हो गया।

रिफंड को समायोजित करने के बाद मई 2026 में सकल जीएसटी राजस्व वृद्धि लगभग 9 प्रतिशत रही,




जबकि समायोजित घरेलू सकल जीएसटी वृद्धि करीब 5 प्रतिशत आंकी गई। मई में सकल घरेलू जीएसटी राजस्व 1,34,530 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 2.6 प्रतिशत कम है। वहीं, आयात से प्राप्त सकल जीएसटी राजस्व में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह सालाना आधार पर 19.1 प्रतिशत बढ़कर 59,654 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो आयात-आधारित कर संग्रह की मजबूती को दर्शाता है।

पिछले वर्ष दर्ज एकमुश्त भुगतान के प्रभाव को हटाने के बाद मई में समायोजित शुद्ध जीएसटी राजस्व वृद्धि लगभग 10 प्रतिशत रही।

वर्तमान वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में सकल जीएसटी संग्रह 6.2 प्रतिशत बढ़कर 4.37 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि शुद्ध जीएसटी राजस्व 5.5 प्रतिशत बढ़कर 3.78 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया।

इसके अलावा, मई 2025 के जीएसटी संग्रह में एक दूरसंचार कंपनी द्वारा स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए किया गया लगभग 10,000 करोड़ रुपए का एकमुश्त भुगतान भी शामिल था।

गौरतलब है कि अप्रैल में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,42,702 करोड़ रुपए पर पहुंच गया था। वहीं, रिफंड समायोजन के बाद अप्रैल का शुद्ध जीएसटी राजस्व 2,10,909 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीनों यानी अप्रैल और मई के दौरान कुल सकल जीएसटी संग्रह 4.37 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4.11 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 6.2 प्रतिशत अधिक है। नेट जीएसटी संग्रह भी 5.5 प्रतिशत बढ़कर 3.78 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। सरकार के अनुसार, यह प्रदर्शन पूरे वर्ष के जीएसटी राजस्व लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सकारात्मक संकेत देता है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, अप्रैल 2026-27 में वस्तुओं से जुड़ी कर योग्य आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। खास बात यह रही कि सभी 27 प्रमुख वस्तु श्रेणियों में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली। इससे स्पष्ट है कि घरेलू मांग व्यापक स्तर पर मजबूत बनी हुई है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### घर से डेढ़ लाख रुपये समेत लाखों के जेवरात चोरी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।** ग्रीनफील्ड कॉलोनी में एक मकान से डेढ़ लाख रुपये, सोने-चांदी के लाखों रुपये के आभूषण, लैपटॉप और अन्य सामान चोरी हो गए। सूचना मिलने पर ग्रीनफील्ड पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी जांच के लिए बुलाया। शिकायत के आधार पर थाना सूरजकुंड में रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस को दी शिकायत में ग्रीनफील्ड कॉलोनी निवासी विकास वेरीवाल ने बताया कि 30 मई की देर रात करीब दो से चार बजे के बीच अज्ञात चोर उसके मकान की पीछे की खिड़की का जंगला तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये, 10 ग्राम की सोने की चेन, गणेशजी का सोने का पेंडेंट, चांदी के आभूषण, 15 चांदी के सिक्के, डेल कंपनी का लैपटॉप, बच्चों की दो गुल्लकों में रखे करीब 10 हजार रुपये और एक नीले रंग का सूटकेस चोरी कर लिया।

### गलत दिशा से आई कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो भाई घायल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।** बाईपास रोड पर गलत दिशा में चल रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल कार का नंबर या मॉडल नहीं देख सके। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट और शिकायत के आधार पर सराय ख्वाजा थाना में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस चालक और वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में तिलपत स्थित सूरदास कॉलोनी निवासी तोहिद ने बताया कि 28 मई की रात करीब 12:30 बजे अलीपुर दिल्ली से बलून डेकोरेशन का काम करके वह अपने भाई मोहिद के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान बाईपास रोड पर गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## 13 लोगों पर केस के विरोध में बालमुकुंद सोसाइटी में अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।**

राजनगर एक्सटेंशन की बालमुकुंद सोसायटी में पूर्व एओए अध्यक्ष शबनम खान की ओर से महिला-बुजुर्गों और एओए सदस्यों सहित कुल 13 लोगों पर केस कराने के विरोध में रविवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया। निवासियों का कहना है कि न्याय नहीं मिलने तक धरना जारी रहेगा। उधर पूर्व एओए अध्यक्ष ने मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में सुनवाई न होने पर अदालत से एफआईआर के आदेश कराए। इसके बाद लोगों में गुस्सा है।

एओए अध्यक्ष विकास शर्मा का कहना है



कि पूर्व अध्यक्ष एवं पेशे से अधिवक्ता शबनम खान अपने कार्यकाल के दौरान की गई वित्तीय अनियमितताओं की जवाबदेही से बचने के लिए बार-बार निवासियों को लीगल नोटिस भेज कर अनावश्यक दबाव बना रही हैं। 12 महीने का कार्यकाल उन्होंने 20 महीने में पूरा किया। डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश पर चुनाव हुए और उसके बाद अभी तक हैंडओवर नहीं दिया। 35 लाख रुपये का हिसाब नहीं मिल रहा है, वह भी नहीं दे रही हैं। पूछने पर बार-बार लीगल नोटिस भेजकर लोगों को परेशान कर रही हैं।

13 लोग जिसमें तीन महिलाएं, 4 बुजुर्ग के अलावा 6 एओए सदस्यों व निवासियों पर परेशान करने को एफआईआर करा रही हैं। उनके सारे आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। न्याय न मिलने तक धरना जारी रहेगा। महिला की अनर्गल बातें सुनकर भी प्रशासन चुप है, यहां के लोगों को बेवजह फंसाया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष शबनम खान का कहना है कि मेरे घर मेड को आने से रोका जा रहा है, बिजली काटी जा रही है। घर के बार कूड़ा डाला जा रहा है। मेरी 26 साल की बेटी पर तंज कसे जा रहे हैं। मैंने अपने कार्यकाल में भी ऑडिट कराया है, अनियमितता के आरोप झूठे हैं। थाने में सुनवाई नहीं होने पर मैंने अदालत में सुबूत पेश कर एफआईआर के आदेश कराए हैं। उसके बावजूद रविवार को दिनभर थाने में घूमने के बाद एफआईआर नहीं की गई। धरना शोभित मित्तल, अशोक चौधरी, शरद गर्ग के निर्देशन में चल रहा है। इसमें बुजुर्ग भी काफी संख्या में भाग ले रहे हैं। सोसायटी में 240 फ्लैट हैं, जिसमें करीब एक हजार लोग रहते हैं।

## बढ़ती मांग के साथ प्रोफेशनल कोर्सों की तरफ बढ़ रहा छात्रों का झुकाव



**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।**

जिले के सरकारी कॉलेजों में इस बार यूजी कोर्सों में दाखिले को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। कई प्रमुख कोर्सों में आवेदन संख्या सीटों से काफी अधिक पहुंच गई है। इससे दाखिले की दौड़ और कठिन हो गई है। खासकर बीबीए, बीसीए, बीकॉम और आर्ट्स कोर्सों में छात्रों की रुचि ज्यादा है। कुछ पारंपरिक ऑनर्स कोर्सों में अपेक्षाकृत कम आवेदन आए हैं।

नई शिक्षा नीति और बदलते करियर विकल्पों के चलते छात्रों का रुझान कंप्यूटर, तकनीकी और स्किल आधारित कोर्सों की ओर बढ़ा है। इसी कारण कंप्यूटर से जुड़े कोर्सों में आवेदन में बढ़ोतरी हुई है।

सेक्टर-15 स्थित राजकीय महिला कॉलेज की नोडल शिक्षा अधिकारी विजया ने बताया कि बीए के अलावा बीसीए, बीबीए और बीकॉम जैसे कोर्सों में सीटों से बहुत ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। सीमित सीटों के कारण मुकाबला कठिन हो गया है। वहीं अंग्रेजी और हिंदी ऑनर्स कोर्सों में अपेक्षाकृत कम आवेदन आए हैं। उन्होंने बताया कि बीए की 240 सीटों पर 538, बीबीए की 60 सीटों पर 333, बीसीए की 40 सीटों पर 293 और बीकॉम की 160 सीटों के लिए करीब 600 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय कॉलेज की नोडल अधिकारी रजनी ने बताया कि छात्रों का झुकाव प्रोफेशनल कोर्सों की ओर अधिक है। उन्होंने बताया कि बीसीए की 100 सीटों के लिए करीब 900, बीबीए की 100 सीटों पर 850 और बीकॉम की 420 सीटों पर करीब 1300 आवेदन आए हैं। वहीं बीए की 400 सीटों पर करीब 1100 आवेदन आए हैं।

## 73.97 लाख की साइबर ठगी में खाताधारक गिरफ्तार

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।**

शेयर मार्केट में निवेश कर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 73.97 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने शनिवार को खाताधारक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के लुधियाना निवासी हंसराज गोयल के रूप में हुई है, जिसे ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार सेक्टर-86 निवासी पीड़ित ने शिकायत दी थी कि उसे व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया था। जिस पर क्लिक करने के बाद वह एक ग्रुप से जुड़ गया, जहां ठगों ने स्टॉक्स, प्री-आईपीओ में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया। झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग बैंक खातों में 73 लाख 97 हजार 600 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में न तो कोई मुनाफा मिला और न ही रकम



वापस हुई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी हंसराज गोयल की जनता ट्रांस-वे नाम से फर्म है। ठगों ने इसी फर्म के बैंक खाते का इस्तेमाल किया, जिसमें ठगी के करीब सात लाख रुपये आए थे। आरोपी ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

## शेयर मार्केट में 600 फीसदी मुनाफे का झांसा देकर 19.75 लाख की ठगी में तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।** शेयर मार्केट में निवेश पर 600 प्रतिशत तक मुनाफा दिलाने का लालच देकर 19.75 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने तीस मई को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजस्थान के जोधपुर निवासी विकास (30) और विशाल रावत (45) व डीडवाना निवासी घनश्याम (35) के रूप में हुई है। तीनों को जयपुर के वैशाली नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार सेक्टर-39 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि जनवरी में उसे व्हाट्सएप पर शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का संदेश मिला। ठगों ने खुद को एक प्रतिष्ठित निवेश कंपनी से जुड़ा बताकर उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा और एक एप डाउनलोड कराकर अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 19.75 लाख रुपये निवेश करवा लिए। बाद में न तो मुनाफा मिला और न ही रकम वापस हुई।

जांच में सामने आया कि विशाल ने अपनी पत्नी के नाम पर फर्म का बैंक खाता खुलवाया था। यह खाता विकास को दिया गया, जिसने आगे घनश्याम को सौंप दिया। इसी खाते में ठगी के पांच लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## 40 घंटे बाद भी दूध कारोबारी को नहीं तलाश सकी पुलिस, परिजनों में रोष

**» लोनी, यूटर्न/ 01 जून ।**

गनौली गांव निवासी दूध कारोबारी ओंकार उर्फ ओमन को गायब हुए 40 घंटे से अधिक हो गए हैं। पुलिस की टीमें अभी तक उसका पता नहीं कर पाई हैं। घटना में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों ने लोनी कोतवाली प्रभारी और चिरोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी को हटा दिया है। पुलिस ने इस मामले में 10 दिन बाद शनिवार रात चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। शनिवार को भारी हंगामे के बाद रविवार सुबह से ही गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस घटना को लेकर रविवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजकरण नय्यर और डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी भी चिरोड़ी गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बात की और जल्द मामले के खुलासे का आश्वासन दिया है। मामले में लापरवाही बरतने पर लोनी थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी और चिरोड़ी चौकी प्रभारी को हटा दिया है। उनके खिलाफ जांच शुरू की जा सकती है। ओंकार के परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से ही पुलिस




अधिकारियों ने लापरवाही बरती है। भतीजे ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने अपनी नाकामी छुपाने के लिए मामले को ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र से लोनी थाने में ट्रांसफर किया है। मामले में लोनी थाना प्रभारी को निलंबित करना महज अपनी गर्दन बचाना है। इस मामले में ओमन के भाई सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि शनिवार सुबह करीब 6.50 बजे भाई ओमकार गनौली से लोनी भैंसों के लिए सूखा चारा लेने जा रहे थे। लोनी जाते समय खडखडी रेलवे अंडरपास के घुमाव के पास गौरव पुत्र विजेंद्र, सौरभ उर्फ भोला, गोपाल, मोहित निवासी गनौली गांव, गौरव निवासी बादलपुर गौतमबुद्धनगर ने कार में आकर ओंकार को कई गोली मारीं। गोली मारने के बाद ओंकार को अपहरण करके गाडी में जबरन डालकर ले गए। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर गौरव, सौरभ उर्फ भोला, गोपाल,गौरव, मोहित समेत अन्य के खिलाफ लोनी थाने में अपहरण, गोली मारने समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसीपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें काम कर रही हैं लेकिन अभी तक सुराग हाथ नहीं लगे हैं। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### आक्रोशित लोगों ने जाम की सड़क

ओंकार को अपने साथ ले जाने के विरोध में शनिवार को पुलिस की कार्यशैली से नाराज परिजन और ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए अंडरपास समेत बंथला चिरोड़ी मार्ग पर जाम लगाया था। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी मौके और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव कुमार ने लोगों समझा बुझाकर शांत कराया था। दिन भर अधिकारी लोगों को समझाते रहे। रविवार को भी लोगों के चिरोड़ी गांव मार्ग पर आकर जाम लगाने की आशंका पर पुलिस बल तैनात रहा। दिन भर अधिकारी परिवार के लोगों से बात करते रहे।

## तांत्रिक क्रिया से पारिवारिक समस्याओं के समाधान का झांसा देकर ठगे पैसे

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जून ।**

साइबर अपराधियों ने अलग-अलग तरीकों से दो लोगों को निशाना बनाकर 1.12 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायतों की जांच के बाद शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में सेक्टर-89 स्थित फेरस सिटी निवासी सीमा ने इंस्टाग्राम पर एक कथित तांत्रिक का विज्ञापन देखकर उससे संपर्क किया था। सीमा ने पारिवारिक समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत की। आरोपी ने पूजा-पाठ और तांत्रिक क्रिया से समस्याओं के समाधान करने का झांसा दिया। इसके बाद जालसाज ने क्यूआर कोड भेजकर 18,500 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। बाद में आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया।

दूसरे मामले में सेक्टर-7 निवासी अंकित आहूजा को जालसाज ने बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बनकर फोन किया गया। आरोपी ने कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर कार्ड संबंधी जानकारी हासिल की और तकनीकी प्रक्रिया के नाम पर मोबाइल



से कुछ कोड डायल करवाए। इसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 93,737 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने तत्काल कार्ड ब्लॉक कर साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों की पहचान और ठगी की रकम की बरामदगी के लिए जांच कर रही है।



## ‘बहुत खास’ प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रही मृणाल ठाकुर

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी आगामी कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है को लेकर चर्चा में हैं। मृणाल ने अब अपने फैंस को एक और बड़ा सरप्राइज देने का संकेत दिया है। मृणाल ठाकुर ने खुलासा किया है कि वह किसी ‘बहुत खास’ प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रही हैं और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगी। मृणाल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन पर डबिंग स्टूडियो से एक वीडियो साझा किया। वीडियो में वह उत्साहित अंदाज में कहती नजर आईं, ‘ऑल राइट, लेट्स गो!’ इसके साथ उन्होंने लिखा कि वह एक बेहद खास प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रही हैं और उस जादू को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं, जिसे उनकी टीम ने मिलकर तैयार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका दिल भावुक है और वह भगवान की बहुत आभारी हैं। हालांकि अभिनेत्री ने फिलहाल इस प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन उनके इस पोस्ट के बाद फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ गई है।



## इंडस्ट्री में शुरूआती सफर रहा बेहद कठिनः ईशा सिंह

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा सिंह ने बताया कि इंडस्ट्री में शुरूआती सफर उनके लिए बेहद कठिन और मानसिक रूप से थका देने वाला रहा था। एक बार वह परेशान होकर अपना पहला शो बीच में छोड़कर अपने घर लौट गई थीं। ईशा सिंह ने मनोरंजन जगत में अपने शुरूआती संघर्षों को याद करते हुए बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने हालांकि बाद में खुद को संभाला और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई। ईशा सिंह ने कहा कि शुरूआती दौर उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण समय था। उन्होंने बताया कि उस समय वह बिल्कुल नई थीं और इंडस्ट्री के कामकाज को समझने की कोशिश कर रही थीं। लगातार काम का दबाव और नई परिस्थितियों ने उन्हें काफी परेशान कर दिया था। अभिनेत्री ने कहा कि एक वक्त ऐसा भी आया जब उन्होंने सब कुछ छोड़ने का फैसला कर लिया और भोपाल लौट गईं। हालांकि उनका मानना है कि भगवान ने उनके लिए कुछ और ही तय कर रखा था और उसी की कृपा व अपनी मेहनत की वजह से वह आज इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं।

### पेट के निचले हिस्से में थोड़ा फैट खराब फिटनेस की निशानी नहीं

# तापसी पन्नू ने जीरो फिगर को लेकर रखे अपने विचार



फिल्म इंडस्ट्री में फिटनेस और खूबसूरती को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। सोशल मीडिया के दौर में यह दबाव और भी बढ़ गया है, खासकर महिलाओं के बीच फ्लैट पेट और जीरो फिगर को लेकर एक अलग ही होड़ देखने को मिलती है। इसी मुद्दे पर बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने खुलकर अपनी बात रखी और कहा कि शरीर का हर हिस्सा किसी न किसी वजह से बना होता है और सिर्फ दिखावे के लिए उसे बदलने की कोशिश करना सही नहीं है। तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया और कहा, “एक समय ऐसा था जब मैं भी फ्लैट पेट पाना चाहती थी। बचपन से ही मैं फिट थी और रोजाना एक्सरसाइज करती थी, लेकिन इसके बावजूद मेरे पेट के निचले हिस्से में थोड़ा फैट बना रहता था। उस समय मुझे समझ नहीं आता था कि ऐसा क्यों होता है। इसी वजह से मैंने जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करना शुरू कर दिया।” अभिनेत्री ने कहा, “बाद में मुझे यह समझ आया कि जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करना हमेशा फायदेमंद नहीं होता। जब कोई व्यक्ति अपने शरीर को उसकी क्षमता से ज्यादा काम करने के लिए मजबूर करता है, तो शरीर उसे खतरे की तरह देखता है। ऐसे में शरीर खुद को सुरक्षित रखने के लिए पानी जमा करना शुरू कर देता है। कई बार पेट के निचले हिस्से में जो उभार दिखाई देता है, वह सिर्फ फैट नहीं बल्कि पानी रुकने की वजह से भी हो सकता है। जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने से यह समस्या और बढ़ सकती है।” तापसी ने आगे कहा, “हर महिला का शरीर अलग होता है और किसी भी दो लोगों की शारीरिक बनावट एक जैसी नहीं हो सकती। महिलाओं के शरीर में हार्मोन लगातार बदलते रहते हैं, जिसका असर शरीर की बनावट पर भी दिखाई देता है। इसलिए यह उम्मीद करना गलत है कि हर दिन शरीर बिल्कुल एक जैसा दिखेगा। कई महिलाएं खुद की तुलना दूसरी लड़कियों या सोशल मीडिया पर दिखने वाली तस्वीरों से करती हैं, जोकि गलत है। हर व्यक्ति का शरीर अपनी अलग जरूरतों और प्रकृति के हिसाब से काम करता है।” तापसी ने अपनी न्यूट्रिशनिस्ट मुनमुन गनेरीवाल की सलाह का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, “पेट के निचले हिस्से में थोड़ा फैट और पानी का होना महिलाओं के लिए जरूरी माना जाता है। इसकी वजह यह है कि इसी हिस्से में महिलाओं के प्रजनन अंग होते हैं, जिन्हें सुरक्षा की जरूरत होती है। शरीर प्राकृतिक रूप से इस हिस्से की रक्षा करने के लिए थोड़ी अतिरिक्त परत बनाकर रखता है। इसलिए इसे कमजोरी या खराब फिटनेस की निशानी नहीं माना जाना चाहिए।”

## ऑरेंज कैप सहित कई अवार्ड जीतने वाले वैभव का लक्ष्य है टेस्ट क्रिकेट खेलना

**मुम्बई, यूटर्न/ 01 जून ।** आईपीएल के 19 वें सत्र में 15 साल के उभरते हुए क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी छाये रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए वैभव ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई रिकार्ड बनाने के साथ ही सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप भी हासिल की है। वैभन ने इस टूनामेंट में सबसे अधिक 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल करने के साथ ही कई रिकार्ड भी तोड़े। इसी कारण उन्हें ऑरेंज कैप के साथ-साथ ही मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन और सुपर सिक्सेज ऑफ द सीजन जैसे कुल 5 बड़े अवॉर्ड मिले हैं हालांकि वैभव ने इस दौरान कहा कि उनका लक्ष्य सभी प्रारुपों में खेलना है और वह केवल टी20 तक ही सीमित नहीं रहना चाहते हैं। अवॉर्ड समारोह के बाद वैभव ने अपने भविष्य की योजनाओं का खुलासा किया। जब उनसे उनकी योजनाओं को लेकर पूछा गया तो उन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा जतायी और कहा कि वह लाल गेंद के प्रारुप के लिए गंभीरता से अभ्यास कर रहे हैं। ये कहा जाता है कि वैभव एक आक्रामक बल्लेबाज हैं और वह वह सीमित ओवरों के प्रारुप के लिए ही ठीक है। इस धारणा को लेकर वैभव ने कहा, मेरा खेल स्वाभाविक तौर पर आक्रामक है, इसलिए हर किसी को लगता है कि मैं हर गेंद पर शॉट खेलने का प्रयास करता हूं पर मेरा लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट भी खेलना है। इसका कारण ये है कि मेरे पिता का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है।




## सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ के नये प्रारुप को लेकर आशंकाएं जतायीं

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जून ।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु अगले साल से लागू होने वाले विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) बैडमिंटन के नए 15-अंक के प्रारुप को लेकर उत्साहित नहीं हैं। सिंधु का मानना है कि ये थकानभरा और चुनौतीपूर्ण साबित होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु के अनुसार ये नया प्रारुप आक्रामक खिलाड़ियों के लिए ही लाभदायक रहेगा पर इससे खेल में शारीरिक और मानसिक थकान बढ़ जाएगी। गौरतलब है कि बीडब्ल्यूएफ ने हाल ही में 15 अंक वाले तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली को मंजूरी दी है, इसे 4 जनवरी 2027 से लागू किया जाना है। इस घोषणा के बाद से ही खिलाड़ियों के ने इस नए प्रारूप को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। सिंधु हाल ही में बीडब्ल्यूएफ ‘एथलीट्स आयोग’ की अध्यक्ष बनी हैं। उन्होंने पहले भी बताया है कि अधिकतर खिलाड़ी अब भी 21-अंक प्रणाली को बैडमिंटन के आकर्षण, लय और रणनीतिक गहराई के लिहाज से कही बेहतर मानते हैं। सिंधु ने नए स्कोरिंग प्रणाली पर विस्तार को लेकर कहा, ‘हां, मुझे लगता है कि यह आक्रामक खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद है, लेकिन आपको शुरूआत से ही तेज होना होगा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# इक्वाडोर-कोलंबिया व्यापार विवाद सुलझा, 100 प्रतिशत टैरिफ शुल्क को हटाने का फैसला

» क्विटो, यूटर्न/ 01 जून ।




इक्वाडोर की कस्टम अथॉरिटी ने सोमवार एक जून से कोलंबिया के सामान पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ को हटाने का फैसला किया है।इससे दोनों देशों के बीच हाल के महीनों से चला आ रहा व्यापार विवाद खत्म हो गया है, जिसने उनके रिश्तों में तनाव पैदा कर दिया था।

इक्वाडोर के नेशनल कस्टम्स सर्विस के डायरेक्टर जनरल सैंड्रो कैस्टिलो ने रविवार को 'एक्स' पर लिखा कि अब कोलंबिया से आने वाले या वहां से होकर आने वाले सामान पर लगाया गया सुरक्षा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम दोनों देशों के बीच सुरक्षा, व्यापार और विकास के क्षेत्र में सहयोग के एक नए दौर की शुरूआत करेगा। सन्हिुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कैस्टिलो ने बताया कि कस्टम्स विभाग इस फैसले को ठीक से लागू करेगा, ताकि कानूनी व्यापार को बढ़ावा मिले, क्षेत्रीय एकजुटता मजबूत हो और अवैध गतिविधियों के खिलाफ मिलकर काम किया जा सके। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने शुक्रवार को यह फैसला कोलंबिया के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बेलार्डो डे ला एस्प्रीला के साथ बातचीत के बाद घोषित किया था।

इक्वाडोर ने यह शुल्क जनवरी में कोलंबिया से आने वाले सामान पर लगाया था। इसका कारण सीमा सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं और ड्रग तस्करी के खिलाफ सहयोग में कमी बताया गया था।

शुरूआत में यह शुल्क 30 प्रतिशत था, जिसे बाद में बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया और फिर एक मई को इसे बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया।

यह नियम कोलंबिया से आने वाले या वहां से बने सभी सामान पर लागू था, और इसकी गणना सामान की कस्टम वैल्यू के आधार पर की जाती थी। अधिकारियों का कहना था कि यह कदम सीमा सुरक्षा और कस्टम नियंत्रण को मजबूत करने के लिए उठाया गया था।

हालांकि, कुछ क्षेत्रों को इससे छूट दी गई थी, जैसे तेल और ऊर्जा जैसे रणनीतिक सेक्टर और अस्थायी आयात, कस्टम ट्रांजिट और री-एक्सपोर्ट जैसी विशेष व्यवस्थाएं। निजी पर्यटक वाहनों को भी इससे बाहर रखा गया था।

## ईरान ने राष्ट्रपति पेजेशकियान के इस्तीफे की खबरों का खंडन किया



**तेहरान, यूटर्न/ 01 जून ।** ईरान ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के इस्तीफा देने की खबरों का खंडन किया है।

एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने रविवार को मीडिया की उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि श्री मसूद पेजेशकियान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय में संचार मामलों के उप-प्रमुख सैयद मेहदी तबातबाई ने 'एक्स' पर लिखा, 'राष्ट्रपति पेजेशकियान लोगों की सेवा करने से पीछे नहीं हटेंगे, ठीक वैसे ही जैसे ईरानी राष्ट्र एकजुटता और प्रतिरोध के मार्ग से पीछे नहीं हटेगा। यह टिप्पणी तब आई जब लंदन स्थित मीडिया संस्थान 'ईरान इंटरनेशनल' ने दिन में पहले यह रिपोर्ट दी थी कि श्री पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के कार्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया है। रिपोर्ट में एक अधिकारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया कि उस पत्र में 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) की आलोचना की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार आईआरजीसी ने प्रभावी रूप से सरकार के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण कर लिया है और राष्ट्रपति तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रियाओं से दरकिनार कर दिया है।

## युद्धविराम के बाद भी तेहरान मिसाइल स्टॉक को निकाल रहा बाहर

**तेहरान, यूटर्न/ 01 जून ।** अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट को अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए अस्थायी रूप से फिर से खोलने के समझौते के बावजूद क्षेत्रीय तनाव कम होने के बजाय और बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने साफ चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर दोनों देशों के बीच स्थायी युद्धविराम समझौता नहीं हुआ तो अमेरिकी सेना ईरान पर हमले दोबारा शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा सचिव हेगसेथ ने बयान में कहा कि अगर समझौता अंतिम रूप नहीं लेता तो हम अपना सैन्य अभियान फिर से शुरू कर देंगे। हमारे पास पर्याप्त से कहीं ज्यादा भंडार हैं और हम मध्य पूर्व हो या दुनिया के किसी भी हिस्से में, बहुत मजबूत स्थिति में हैं। इससे पहले अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान की सैन्य संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा था, सड़कें तबाह हो गईं और भूमिगत सुरंगों के प्रवेश द्वार मलबे से ढक गए थे। लेकिन युद्धविराम के बावजूद तेहरान अब इन क्षतिग्रस्त ठिकानों को तेजी से सक्रिय करने में जुटा हुआ है। सैटेलाइट तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि ईरानी इंजीनियरिंग टीमें बुलडोजर, डंप ट्रक और भारी मशीनरी का इस्तेमाल कर भूमिगत मिसाइल भंडारण स्थलों को साफ कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल प्रवेश द्वार नष्ट करने से ईरान की मिसाइल क्षमता पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकती, क्योंकि तेहरान ने अपनी भूमिगत सुविधाओं को बेहद मजबूत और विस्तृत नेटवर्क के रूप में विकसित किया है। युद्धविराम लागू होने के बाद इन भूमिगत स्थलों पर खुदाई के प्रयासों में अभूतपूर्व तेजी आई है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक ईरान के पास अभी भी विशाल मिसाइल भंडार मौजूद हैं और लॉन्चर तथा प्रशिक्षित चालक दल उपलब्ध होने तक वे हमले जारी रख सकते हैं। हालिया रिपोर्टों में खुलासा किया गया है कि ईरान ने 18 प्रमुख भूमिगत मिसाइल स्थलों पर स्थित कुल 69 सुरंगों में से 50 के प्रवेश द्वारों को दोबारा खोलने में सफलता हासिल कर ली है। दूसरी तरफ एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर स्थायी समझौता नहीं हुआ तो पूरे पश्चिम एशिया में एक बार फिर बड़े पैमाने पर संघर्ष छिड़ सकता है। इजरायल पहले ही चेतावनी दे चुका है कि वह ईरान की बढ़ती मिसाइल क्षमता को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# बांग्लादेश में खसरे का कहर 3 और मासूमों की गई जान

» ढाका, यूटर्न/ 01 जून ।



बांग्लादेश में खसरे और उससे मिलते-जुलते लक्षणों के कारण बच्चों की मौत का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में (रविवार से सोमवार) खसरे के मिलते-जुलते लक्षणों के कारण तीन और बच्चों की मौत हो गई, जिससे मृतक संख्या बढ़कर 588 हो गई है। मीडिया आउटलेट यूएनबी ने स्वास्थ्य महानिदेशालय (डीजीएचएस) की ओर से जारी हेल्थ बुलेटिन के हवाले से बताया कि पिछले 24 घंटों में 1,134 संदिग्ध मामले सामने आए। इसके साथ ही 15 मार्च से अब तक कुल संदिग्ध मामलों की संख्या बढ़कर 72,070 हो गई है।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि संक्रमण को नियंत्रित करने और बच्चों की सुरक्षा के लिए निगरानी, टीकाकरण और उपचार संबंधी प्रयास तेज कर दिए गए हैं। वहीं, प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि खसरे के कारण 90 और इससे मिलते-जुलते लक्षणों के कारण 498 बच्चों ने जान गंवाई है।

डीजीएचएस के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले (सोमवार सुबह 8 बजे तक) 24 घंटों में 45 नए संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जिससे कुल संदिग्ध मामलों की संख्या 9,094 तक पहुंच गई है।

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, 15 मार्च से अब तक मिलते-जुलते लक्षणों से जूझ रहे कुल 57,902 बीमार बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 53,722 की सेहत सुधर गई। ढाका ट्रिब्यून ने डीजीएचएस के बुलेटिन के आधार पर कहा कि संदिग्ध मौत सिलहट, मैमनसिंह और खुलना जिलों में रिकॉर्ड की गई। खसरे के बढ़ते मामलों ने बांग्लादेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लापरवाही उजागर कर दी है। 30 अप्रैल को साइंस डॉट ओआरजी में एक रिपोर्ट छपी थी, जिसके मुताबिक 18 महीने रही मोहम्मद यूनुस सरकार के ढुलमुल रवैये ने स्थिति को बेकाबू कर दिया। इसके अनुसार, खसरे ने महामारी का रूप इसलिए लिया क्योंकि, कथित तौर पर, अंतरिम सरकार ने यूनीसेफ के माध्यम से वैक्सीन खरीद रोक दी थी और उसकी जगह ओपन टेंडर प्रणाली अपनाने का फैसला ले लिया था। इस कदम के बारे में पहले से चेतावनी दी गई थी कि इससे नियमित टीकाकरण बाधित हो सकता है और प्रकोप फैलने का खतरा बढ़ सकता है। आखिरकार, हुआ भी ऐसा ही। यही वजह है कि सरकार ने आगामी मानसून सीजन में डेंगू जैसी मच्छर जनित रोगों से बचाव को लेकर योजना बनानी शुरू कर दी है।

## भीषण तूफान के बाद पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर नुकसान, 70 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल

» सिडनी, यूटर्न/ 01 जून ।



पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में सप्ताहांत के दौरान आए भीषण तूफानों के बाद हजारों घरों की बिजली गुल हो गई है। इन तूफानों से कई संपत्तियों और बिजली की लाइनों को नुकसान पहुंचा है।

बिजली कंपनी वेस्टर्न पावर के अनुसार, सोमवार सुबह तक पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में लगभग 70,000 उपभोक्ता, जिनमें पर्थ के लोग भी शामिल हैं, बिजली के बिना थे। शनिवार और रविवार को राज्य के दक्षिणी हिस्से में आए तेज तूफानों ने काफी नुकसान पहुंचाया।

दक्षिण और दक्षिण-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के कई इलाकों में सौ किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार वाली हवाएं चलीं। करीब 24 घंटे तक चले इस खराब मौसम के कारण कई जगहों पर नुकसान और जलभराव की स्थिति पैदा हो गई।

स्टेट इमरजेंसी सर्विस (एसईएस) ने बताया कि सोमवार सुबह तक उन्हें मदद के लिए लगभग 700 कॉल मिली थीं। ज्यादातर शिकायतें छतों के नुकसान, इमारतों को हुए नुकसान और पेड़ों के गिरने से जुड़ी थीं। अधिकारियों ने कहा कि अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के अनुसार, पर्थ के समुद्र किनारे स्थित 'कॉटस्लो' इलाके में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग की छत तेज हवाओं से उड़ गई। आसपास रहने वाले लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई है।

पर्थ के पश्चिमी उपनगरों से शनिवार शाम लापता हुआ 11 साल का एक लड़का रविवार सुबह सुरक्षित मिल गया। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। वेस्टर्न पावर का अनुमान है कि ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति सोमवार रात तक बहाल कर दी जाएगी।

कुछ क्षेत्रों में चक्रवात जैसी तेज हवाएं दर्ज की गईं। केप नैचुरलिस्ट में हवा का झोंका 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गया।

## उत्तरी म्यांमार के गांव में भीषण धमाका, बच्चों सहित 55 लोगों की मौत

» नामखाम, यूटर्न/ 01 जून ।



उत्तरी म्यांमार के शान राज्य स्थित नामखाम जिले के एक गांव में रविवार को एक इमारत में भीषण धमाका हो गया। इस दर्दनाक हादसे में बच्चों समेत कम से कम 55 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मलबे से उठता हुआ धुएं का गुबार काफी दूर से ही साफ देखा जा सकता था।

इलाके पर नियंत्रण रखने वाले स्थानीय विद्रोही गुट ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि पत्थर की खदानों और खनन के काम में इस्तेमाल होने वाले व्यावसायिक विस्फोटकों में अचानक और अनजाने में हुए विस्फोट के कारण यह तबाही मची। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि घटनास्थल पर जमीन में एक विशाल गड्ढा बन गया और आसपास की कई इमारतें पूरी तरह जमींदोज हो गईं। चारों तरफ जले हुए मलबे और पेड़ों के अवशेष बिखरे नजर आए। सुरक्षा कारणों से नाम गुप्त रखते हुए एक आपातकालीन बचावकर्मी ने बताया कि इस धमाके ने पूरे गांव को हिलाकर रख दिया है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और बचावकर्मियों ने राहत कार्य शुरू किया। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा करने के बाद से ही म्यांमार गहरे गृहयुद्ध और अशांति के दौर से गुजर रहा है। वहां की सैन्य सरकार लगातार लोकतंत्र समर्थक गुरिल्लाओं और शक्तिशाली जातीय अल्पसंख्यक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष में उलझी हुई है, जिससे देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### हमलों के बाद ईरान ने फिर शुरू कीं अंडरग्राउंड मिसाइल साइट्स

**तेहरान, यूटर्न/ 01 जून ।** अमेरिका और इजरायल के साथ हुए हवाई संघर्ष और हमलों के थमने के बाद, ईरान ने अपने भूमिगत मिसाइल ठिकानों को एक बार फिर तेजी से सक्रिय करना शुरू कर दिया है। हालिया सैटेलाइट तस्वीरों से यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि ईरान अपनी अंडरग्राउंड मिसाइल साइट्स को दोबारा खोल रहा है। इस कदम से ईरान एक बार फिर मध्य पूर्व के देशों और इजरायल पर लंबी दूरी की मिसाइलें दागने की मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। यह घटनाक्रम अमेरिका और इजरायल की उस बेहद महंगी बमबारी योजना और रणनीति की कमजोरी को उजागर करता है, जिसके तहत ईरान की मिसाइल क्षमता को नष्ट करने का दावा किया गया था। हफ्तों तक चले भीषण सैन्य हमलों के दौरान अमेरिका और इजरायल ने ईरान के इन गुप्त सैन्य ठिकानों तक पहुंचने वाली सड़कों को पूरी तरह नष्ट कर दिया था।

### चीन का पहला परमाणु संचालित सुपर एयरक्राफ्ट कैरियर तैयार

**बीजिंग, यूटर्न/ 01 जून ।** चीन ने एक बार फिर दुनिया को अपनी बढ़ती सैन्य और नौसैनिक महत्वाकांक्षाओं से अवगत करा दिया है। उत्तरी चीन के डालियान शिपयार्ड से सामने आई नई सैटेलाइट तस्वीरों से यह पुष्टि हो गई है कि बीजिंग अपने पहले परमाणु-संचालित सुपर एयरक्राफ्ट कैरियर के निर्माण कार्य को बेहद तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यह महाकाय युद्धपोत हिंद-प्रशांत और दक्षिण चीन सागर में चीन के दीर्घकालिक प्रभुत्व का सबसे बड़ा प्रतीक बनने जा रहा है। पिछले एक वर्ष के भीतर इस जहाज के विभिन्न हिस्सों को जोड़कर एक स्पष्ट और विशाल ढांचा खड़ा कर लिया गया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *